


फ्रीदा पिंटो

अभिनेत्री

# लक्ष्य: लैंगिक समानता

### विषय

भूगोल, विज्ञान, भाषा ज्ञान

## अध्ययन के परिणाम

- लैंगिक समानता की परिभाषा जानना
- लैंगिक असमानता के कुछ कारणों और रिणामों का पता लगाना
- लैंगिक समानता को बढ़ावा कैसे दें यह जानना

## तैयारी

- भेदभाव की परिभाषा लिखें
- समूहों द्वारा चित्र बनाने के लिए फ्लिपचार्ट या कागज तैयार करें, और एक फ्लिपचार्ट या बोर्ड लिखने के लिए
- प्लान इंटरनेशनल वीडियो दिखाने की तैयारी करें (नोट - इंटरनेट या वीडियो न दिखा सकने की स्थिति में इसे छोड़ दें)। यह पाठ इस पर आधारित नहीं है।
- अतिरिक्त या गृहकार्य गतिविधि के रूप में वितरित करने के लिए सशक्तिकरण स्टार प्रिंट करें

**नोट:** इस पाठ को पढ़ाने से पहले आपको जांचना चाहिए कि क्या आपके छात्रों में से कोई उनके जीवन में लिंग असमानता से प्रभावित हुए हैं या हो रहे हैं। यह एक संवेदनशील विषय है और इस पर खुले तौर पर और खुशी से चर्चा करने के लिए आपको सुनिश्चित करना है कि कक्षा में आपके सभी छात्रों के लिए एक 'सुरक्षित' माहौल है।

कुल समय:

**60 मिनट**

आयु सीमा:

**11-14 वर्ष**

“दुनिया का सबसे बड़ा पाठ,” “वहनीय विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्वव्यापी लक्ष्य” की घोषणा का समर्थन करने के लिए, एक सहयोगपूर्ण शिक्षा परियोजना है। यह परियोजना विश्वव्यापी लक्ष्य 17 "लक्ष्यों के लिए भागीदारियाँ" के महत्व का जीता-जागता सबूत है और यह हमारे साथ और आपस में काम कर रहे हमारे सभी भागीदारों की मदद के बिना संभव नहीं होता।

हमारी “संस्थापक टीम” का धन्यवाद:

द्वारा संचालित:

द्वारा वितरित:

द्वारा अनुवाद किया गया:

और दुनिया भर के उन लोगों का विशेष धन्यवाद जिन्होंने हमारे साथ काम किया:

पाठ योजनाएँ Think Global के साथ मिलकर बनायी गयीं www.think-global.org.uk. एक न्यायपूर्ण और वहनीय दुनिया के लिए शिक्षा को प्रोत्साहन देना

THE GLOBAL GOALS
टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

WORLD'S LARGEST LESSON

## अध्ययन गतिविधि

10 मिनट

एक सवाल पर चर्चा के साथ पाठ शुरू करें। छात्रों से पूछें: "किसी एक समय के बारे में सोचो जब आपको महसूस हुआ कि आप एक समूह का हिस्सा थे। आपने स्वयं को शामिल क्यों महसूस किया? आपको शामिल होने से कैसा महसूस हुआ?" (अपने छात्रों के अनुभवों के प्रति जागरूक रहें)।
छात्रों को अपने जवाब के बारे में सोचने के लिए एक या दो मिनट दीजिए। छात्रों को अपने अनुभव और भावनाओं को साझा करने दें।
फिर पूछें: "आपको क्या लगता है कि समूह से आपको बाहर रखने या बाहर निकाल दिए जाने पर कैसा महसूस होता?"
फिर से, छात्रों को अपने जवाब के बारे में सोचने के लिए एक या दो मिनट दीजिए और यदि उचित हो तो कुछ छात्रों को अपनी भावनाओं को साझा करने दें।

## विभिन्नताऐं और विकल्प

**उत्तर देने के बजाय छात्रों को अपनी भावनाऐं एक डायरी में या कागज पर लिखवाऐं और यदि वे चाहते हैं तो ही उन्हें साझा करने के लिए कहें।** सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे जो कुछ साझा करना चाहते हैं उन्हें अवसर मिले। एक अन्य विकल्प पूरी कक्षा के साथ साझा करने के बजाय किसी साथी के साथ साझा करना है।

## अध्ययन गतिविधि

10 मिनट

छात्रों को भेदभाव की परिभाषा प्रदर्शित करें या पढ़ने के लिए दें: "भेदभाव वह होता है जब किसी खास व्यक्ति या लोगों के एक समूह के साथ अनुचित तरीके से व्यवहार किया जाता है। कभी कभी उनके साथ इस अनुचित व्यवहार का कारण उनकी उम्र, लिंग, धर्म या जाति होता है।"

इस परिभाषा के विशिष्ट शब्दों को याद करने के लिए, छात्रों से परिभाषा के प्रत्येक शब्द के लिए एक कार्यवाही बनाने के लिए कहें और फिर वह समूह उस परिभाषा पर "अभिनय" करेगा। उदाहरण के लिए: "विशेष व्यक्ति" को एक या दो लोगों की ओर इशारा करके, "लोगों का समूह" को हाथों से गोला बनाकर दिखा सकते हैं।

इससे परिभाषा याद करने और सभी शब्दों को समझने में सहायता मिलेगी। छात्रों से भेदभाव के 3 संभावित परिणामों की पहचान करने के लिए जोड़ों में काम करने के लिए कहें, और फिर इन्हें समूह के साथ वापस साझा करें।

## विभिन्नताऐं और विकल्प

रिणामों पर, एक व्यक्ति, उनके समुदाय और उनके देश के नजरिए से विचार करें।

## अध्ययन गतिविधि

15 मिनट

लैंगिक भेदभाव के विषय का परिचय दें और बताऐं कि इससे लिंग असमानता कैसे उत्पन्न हो सकती हैं। **छात्रों को** पांच या छह छोटे समूहों में बांट दें और प्रत्येक समूह को दो अलग-अलग फ्लिपचार्ट्स पर एक लड़का और एक लड़की का चित्र बनाने के लिए कहें।

समूहों से इस पर विचार करने के लिए कहें कि हमारे समाज में एक लड़का या एक लड़की होने का क्या अर्थ है।

यदि छात्र उलझन में हैं, तो उनसे जो बातें उन्हें 'एक लड़का या लड़की होने के बारे में सबसे महत्वपूर्ण लगती हैं उन की सूची' बनाने के लिए कहें।

समूहों से जितनी विशेषताऐं वे बता सकते हैं उतनी बताने के लिए और उन्हें उचित चित्रित करने के साथ लगाने के लिए कहें।
कुछ मिनटों के बाद, कुछ समूहों से उनका चित्र और लड़के और लड़की के बीच जो अंतर उन्होने स्पष्ट किए हैं उन्हें संक्षेप में प्रस्तुत करने के लिए कहें।
चर्चा शुरू करने के लिए, प्रतिभागियों से उन पांच विशेषताओं की पहचान करने के लिए कहें जिन्हें सभी समूहों ने लड़की के आगे सूचीबद्ध किया है। प्रत्येक के लिए, पूछें कि क्या यह कुछ ऐसा है जो लड़कियों में जन्म से था, या यह उन्होंने सीखा था। लड़कों के लिए यही सवाल दोहराएँ।
सेक्स से संबंधित सामान्य लक्षणों की सूची के लिए एक फ्लिपचार्ट का प्रयोग करें और लिंग से संबंधित सामान्य लक्षणों की सूची के लिए एक अलग फ्लिपचार्ट का प्रयोग करें। जब प्रतिभागी लक्षण सूचीबद्ध कर चुकें हों, तो सूची के शीर्ष पर बड़े अक्षरों में 'सेक्स' और 'लिंग' लिखें।

- बताऐं कि सेक्स और लिंग की विशेषताओं के बीच बुनियादी फर्क यह है कि व्यक्ति खास विशेषताओं के साथ पैदा हुआ है, या सीखी है।
- क्या यह हमेशा हर किसी के लिए इसी तरह रहा है? समझाऐं कि सेक्स और लिंग विशेषताओं में इसके आधार पर भी फर्क होता है कि वे समय के साथ साथ और समाज के अनुसार बदलती हैं।

**प्रमुख शिक्षा बिंदु: सेक्स और लिंग मौलिक रूप से अलग अलग होते हैं।** उन्हें समझाऐं कि,यौन(सेक्स) विशेषताऐं जैविक रूप से निर्धारित होती हैं, और पूरे समय और हर समाज में एक समान रहती हैं। लिंग गुण, सामाजिक संबंधों के अनुसार होते हैं, वे समय के अनुसार बदलते रहते हैं और विभिन्न समाज में अलग अलग हो सकते हैं।

## अध्ययन गतिविधि

15 मिनट

यह वीडियो देखें: क्योंकि मैं एक लड़की हूँ, इसलिए मैं यहाँ से लूँगी (3:06)
http://plan-international.org/girls/stories-and-videos/because-i-am-a-girl-ill-take-it-from-here.php

छात्र जोड़े में निम्न पर चर्चा करेंगे या लिखेंगे:

- तुम्हारे अनुसार इस फिल्म का मुख्य संदेश क्या था?
- इस फिल्म में लड़की के सामने आने वाली 8 मुश्किलों में से 3 की सूची बनाओ?
- उसने यह कैसे सोचा कि वह इन चुनौतियों को दूर कर सकेगी?

उनके विचारों पर चर्चा करने के लिए कक्षा को एक साथ लाऐं, छात्रों को 'लिंग भेदभाव' के बारे में याद दिलाएं और चर्चा में 'लिंग समानता' का परिचय दें।

- एक कक्षा के रूप में निम्नलिखित पर चर्चा करें:
- फिल्म मे इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है, कि लिंग भेदभाव का लड़कियों पर क्या प्रभाव हो सकता है, लेकिन क्या आपको लगता है कि लड़कों के साथ भी लैंगिक भेदभाव हो सकता है? क्या लैंगिक समानता केवल लड़कियों और महिलाओं के लिए ही एक मुद्दा है?
- क्या अधिक लैंगिक समानता लड़कों और पुरुषों के लिए भी अच्छी है? क्यों?
- लैंगिक असमानता से निपटने में पुरुष और लड़के क्या भूमिका निभा सकते हैं?

## अध्ययन गतिविधि

10 मिन

### समग्र

छात्रों से पूछें :

क्या समाज हमें सिखाता है कि 'लिंग' सूची की कुछ विशेषताऐं दूसरों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण या मूल्यवान हैं? आपको इस प्रकार का कोई उदाहरण देना होगा: "समाज हमें सिखाता है कि संवेदनशील होना (लड़कियों की तरह) अच्छा होता है, लेकिन स्वीकारात्मक होना (लड़कों की तरह) महत्वपूर्ण है और इसलिए अधिक मूल्यवान है।"
क्या लिंग के बारे में हमारे विचार बदले जा सकते हैं? हम इस बदलाव का एक हिस्सा कैसे हो सकते हैं

## विभिन्नताऐं और विकल्प

यदि समय है तो प्रतिभागियों से अतिरिक्त प्रश्न पूछें:

- पिछले 10 या 20 सालों में लड़कियों/महिलाओं की उम्मीदों में क्या बदलाव हुआ है?
- क्या अन्य देशों में पुरुषों और महिलाओं के लिए स्वीकार्य चीज़ें भिन्न हैं?
- क्या वे जैविक विशेषताऐं जो हमें पुरुष या महिला के रूप में हमें परिभाषित करती हैं समय के साथ बदल गई हैं, या अन्य देशों में अलग हैं?
- यह समझाऐं कि समाज की, महिलाओं और पुरुषों से, या लड़कियों और लड़कों से उम्मीद अलग अलग हो सकती है, लेकिन पुरुष और महिला प्रजनन प्रणाली दुनिया में हर जगह एक जैसी ही है।

## अतिरिक्त या गृहकार्य गतिविधि: सशक्तिकरण स्टार

प्रत्येक छात्र को एक सशक्तिकरण स्टार दीजिए(परिशिष्ट 2)। उनसे स्टार के अंतर्गत सवालों के बारे में सोचने के लिए कहें, और ईमानदारी से उनका जवाब देंनें के लिए कहें कि वे अभी क्या महसूस कर रहे हैं – न कि इस बारे में कि भविष्य में वे अपनी स्थिति कैसी होने की उम्मीद रखते हैं।
एक या दो नहीं बल्कि कई उदाहरण सोचने का प्रयास करें– अपने जीवन, अपने समुदाय और विपरीत लिंग के सदस्यों, माता-पिता, ताकतवर लोगों के साथ अपने संबंधों के बारे में विस्तार से सोचें।
स्टार पर प्रत्येक जवाब से मेल खाते नंबर पर गोला बनाऐं।

बिंदुओ को जोडो। जो भी पूरी तरह से सशक्त है(सभी 5 एस), वह एक आदर्श, पूर्ण आकार अष्टकोण बनाएगा। जो बिल्कुल भी सशक्त नहीं है (सभी 1s) वह एक छोटा सा अष्टकोण बनाएगा।
मिले जुले लड़कों और लड़कियों से पूछें जो उनके सशक्तिकरण सितारों को साझा करने में सहज महसूस करते हैं और उनके अंतरों की तुलना करें।
विचार करें कि अन्य देशों में लड़कियों और लड़कों के लिए स्टार का आकार कैसा हो सकता है।

### वैश्विक लक्ष्यों के लिए कार्य करना

एक शिक्षक के रूप में आपके पास छात्रों की 'सकारात्मक ऊर्जा को चैनल करने की शक्ति है और उन्हें यह भरोसा दिलाने की कि वे असहाय नहीं हैं, और बदलाव संभव है और वे ऐसा कर सकते हैं।


परिवर्तन के लिए डिजाइन "मैं कर सकता हूँ" स्कूल चुनौती बच्चों को कार्रवाई करने के लिए, खुद के लिए परिवर्तन करने और इसे दुनिया भर के बच्चों के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित करता है।

शुरूआत करने के लिए www.dfcworld.com पर जाऐं।
युवाओं द्वारा स्वयं कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन फॉर चेन्ज पाठ या एक सामान्य सलाह पैक डाउनलोड करने के लिए **www.globalgoals.org/ worldslargestlesson** पर जाऐं।

DESIGN for CHANGE

## सशक्तिकरण स्टार

## स्व-आकलन उपकरण




| मुद्दा | प्रमुख प्रश्न | कभी नहीं | उत्तर(गोला बनाएं) | | | हमेशा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बहुत कम | कभी कभी | अक्सर | |
| महत्व | क्या आप महसूस करते हैं कि आप उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितना कि आपके विपरीत लिंग का साथी। | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| प्रभाव | क्या आपको लगता है कि आपका उन फैसलों पर प्रभाव है जो आपके जीवन को प्रभावित करते हैं? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| नेतृत्व | क्या आपको विश्वास है कि आप के पास समूहों का नेतृत्व करने की क्षमता है? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| ज्ञान | क्या आपको उतनी जानकारी है जो आपको शिक्षित तर्क करने में काम आए? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| आत्मविश्वास | क्या आप महसूस करते हैं कि आप आसानी से महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क कर सकते हैं? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| सार्वजनिक वक्ता | क्या आप सार्वजनिक तौर पर बोलने में सहज महसूस करते हैं? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| महत्वाकांक्षा | क्या आपको अपने आस पास की दुनिया में बदलाव करने की इच्छा महसूस होती है ? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| ध्यान | क्या आपको स्पष्ट पता है कि दुनिया में बदलाव करने के लिए आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| क्षमता | क्या आप सोचते हैं कि आप यदि सोच लें तो आप दुनिया को बदल सकते हैं? | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |